# मोरिंग पाउडर से बच्चों को मिलेगी कुपोषण से मुक्ति : नीरज

## सेवा पखवाड़ा, राष्ट्रीय माह के तहत वार्ड 19 में कार्यक्रम आयोजित, नपाध्यक्ष ने बच्चों को पिलाई खुराक

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन,जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले भर में विभिन्न गतिविधियां जारी हैं, इसी क्रम में शहर के वार्ड नंबर 19 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आयु के अनुसार उपयुक्त प्रतिक्रियाशील आहार और स्वच्छता प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कायक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 19 के पार्षद, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, विपिन रघुवंशी रामेति नामदेव, आशा कौशल चेतना रघुवंशी एवं वार्ड क्रमांक 1, 10, 11, 17, 18, 19, 20, 21, 22 की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अभिभावक,



वार्डवासी, गर्भवती, धात्री माता एवं बच्चे मौजूद थे। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री मनोरिया ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनें, अपने कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक कर रही हैं, इनके माध्यम से सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन आमजन के बीच हो रहा है। कुपोषित, कम कुपोषित बच्चों को जन सहयोग से जो मोरिंगा पाउडर के रूप में पोषण आहार दिया जा रहा है, इससे निश्चित ही बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिलेगी। इस तरह के आयोजनों से आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी समय पर मिलती है। तथा योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिलता है। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर प्रियंका पवार ने विभाग की योजनाओं से अवगत कराते हुए, समय पर उनका लाभ लेने एवं गर्भवती धात्री माता, बच्चों को, टीकाकरण, वजन, पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई। अंत में आभार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भावना त्रिपाठी द्वारा व्यक्त किया गया।

# आवक अनुसार होंगी मंडी में व्यवस्थाएं

**नवीन कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में व्यापारियों ने रखी मांग**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नवीन कृषि उपज मण्डी अशोकनगर के सभाकक्ष में व्यापारी संघो के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, एसडीएम अशोकनगर बृजबिहारीलाल श्रीवास्तव तथा व्यापारी संघो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि



नवीन कृषि उपज मंडी में फसलों की आवक अनुसार संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी। जिससे किसानों एवं व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में व्यापारियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए तौल कांटा बढाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन मण्डी में टीनशेडों की संख्या बढाकर निर्माण कराये जाने, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्क लाईट,पानी की व्यवस्था के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## एक नजर में



### रक्तदान शिविर में 30 यूनिट ब्लड डोनेट

**शाढ़ौरा।** सेवा पखवाडा अभियान के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक हरीबाबू राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और दूसरों की जान बचाने के लिए करीब 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस मौके पर बीएमओ डॉ . जयकृत सिंह सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।




### ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य:विधायक

**अशोकनगर ।** जिला प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं शहरी आजीविका मिशन के महिला स्व सहायता समूहो द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु लोकल फॉर वोकल के उद्देश्य से 24 से 26 सितंबर को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित किया गया है।जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक हरीबाबू राय द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री राय ने आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण महिलाओं के साथ किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि आज ग्रामीण महिला मिशन से जुड़ कर अपना स्वयं का स्वरोजगार करने के साथ अपने परिवार का सहयोग कर रही है। अब हमारी बहने लखपति दीदी है। साथ ही मंच के माध्यम से बिना किसी झिझक अपनी बात सभी के साझा कर रही हैं, यह अच्छा प्रयास है। आजीविका मेले में ग्रामीण एवं शहरी स्व सहायता समूह सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी अभियान के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना एवं ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदेरी साड़ी, बड़ी, पापड़, आचार, मसाले, टेडीबियर, मिट्टी के बर्तन, बांस के समान, खाद्य सामग्री, कंगन , ज्वेलरी, साज-सज्जा के उत्पाद,पत्थर से बने सामान, खिलौने , दैनिक उपयोग की अनेक वस्तुएं, गृह उपयोगी सामान, परिधान खाद्य पदार्थ एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के प्रदर्शनी लगाई गई हैं।
इस मौके पर नपा सीएमओ विनोद उन्नीतान, ग्रामीण आजीविका मिशन से दिनेश शर्मा जिला परियोजना प्रबंधक अवनीश अग्निहोत्री जिला प्रबंधक कौशल, धर्मेश वर्मा जिला प्रबंधक उद्यमिता विकास, शिव प्रसाद सिंह , अरविंद बागरी, सौरभ जैन एवं बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह सदस्याएं मौजूद रहीं।

### तहसील के लखैरा बाबू को कलेक्टर ने किया निलंबित

**चंदेरी।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शंभू दयाल लखेरा, सहायक ग्रेड़-03, कार्यालय तहसील चन्देरी को तत्काल प्रभाव से निलंवित किया गया है। निलंबन अवधि में लखेरा का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुंगावली रहेगा।
उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा तहसील चन्देरी के औचक निरीक्षण 19 सितम्बर को किया था, जहां कलेक्टर के निरीक्षण दौरान शंभू दयाल लखेरा सहायक ग्रेड़-03, तहसील कार्यालय चन्देरी में अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने एवं कार्यों में अनियमिततायें पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था, संबंधित द्वारा उक्त नोटिस का उत्तर प्रस्तुत किया गया जो संतोषजनक नहीं पाया गया। जिसके बाद उन पर निलंबन की कार्यवाही की गई।

### रेट से अधिक मूल्य पर डीएपी देने पर समिति के सेल्समैन पर हुई FIR

**अशोकनगर।** रबी वर्ष 2025-26 हेतु सेवा सहकारी समिति महोली, प्राणपुर , हिरावल को क्रमश 25-25 मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक प्रदान किया गया था, इन तीनो समितियों को कुल 75 मैट्रिक टन (1500 बैग) डीएपी उर्वरक 20 सितंबर को कृषको को वितरण करने हेतु प्रदाय किया गया था। 22 सितम्बर को समिति के सेल्समैन मुकेश नरवरिया द्वारा कृषको को 1400 रूपए प्रति बैंग के हिसाब के मूल्य पर डीएपी उर्वरक वितरण करने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत प्राप्त होते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी के निर्देशन में तहसीलदार तहसील चंदेरी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.स. चंदेरी की संयुक्त टीम के माध्यम से उक्त मामले जांच कर सेवा सहकारी समिति के सेल्समैन मुकेश नरवरिया के विरुद्ध धारा 318(4), आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एव उर्वरक (निर्माण) आदेश 1985 की धारा 5 के तहत तत्काल थाना चंदेरी मे एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# लापरवाह अधिकारियों पर कलेक्टर का एक्शन जारी, बीआरसी, बीएमओ, सीडीपीओ को हटाया

## ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश, एसएडीओ को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में बुधवार कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में को ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि विभाग अंतर्गत शासन से प्राप्त होने वाले अर्द्धशासकीय पत्रों का जबाव एवं दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही समय सीमा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय तथा केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण तत्पर्यता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठकें नियमित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अधिकारियों द्वारा छात्रावासों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन भेजे जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सेवा पखवाडा अभियान की विभागवार समीक्षा करते हुए संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 25 सितम्बर को सभी जनपद पंचायतों में सेवा पखवाडा अभियान के तहत कार्यक्रमों के तहत रक्तदान शिविर, पोषण किट का वितरण, साफ-सफाई अभियान तथा पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित कराये जाए।

बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान स्मार्ट क्लास के संचालन,कक्षा 10वीं के बच्चों का उच्च कक्षा में प्रवेश दिलाये जाने, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कार्यक्रम के संचालन, कक्षा 1 तथा कक्षा 9 में प्रवेश की स्थिति, साईकिल वितरण की प्रगति तथा स्टार प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने तिथि भोजन के संबंध में जानकारी ली। बैठक में 5 से 18 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड बनवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सिविल अस्पताल मुंगावली की मरम्मत का कार्य व्यवस्थित कराया जाए। शासन के निर्देशानुसार विश्व हृदय दिवस के आयोजन हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जाए। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान वनाधिकार पट्टों के नये दावों तथा निरस्तीवकरण की समीक्षा कर निर्देश दिए कि आदिवासी ग्रामों का भ्रमण कर पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाया जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर बैठकों का आयोजन कर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। भगवान बिरसा मुण्डा,टंट्या मामा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यासागर योजना के क्रियान्वयन, गौशालाओं के संचालन सहित मोलडेम पर गौशाला निर्माण का प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए।

ब्लॉक स्तर पर स्वा सहायता समूहों के गठन तथा संचालित गतिविधियों की जानकारी लेकर उद्योग,व्यवसाय हेतु ऋण प्रकरण तैयार कराये जाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि भवनविहीन आंगनवाडी केन्द्रो को अन्य शासकीय भवनों में शिफ्ट कराया जाए। शांतिधाम मरम्मत के संबंध में सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि नरेगा के अंतर्गत सुव्यवस्थित तरीके से शांतिधामों की मरम्मत का कार्य कराया जाए।




### शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने इन पर की कार्यवाही

समीक्षा बैठक के दौरान शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन में लापरवाही बरतने पर विकासखण्डय स्त्रोत समन्वयक श्रीपाल सोलंकी को बीआरसीसी के प्रभार से हटाये जाने, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.अमित पाण्डे को बीएमओ के प्रभार से हटाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही मुंगावली सीडीपीओ पुष्पा खैस को सीडीपीओ प्रभार से हटाये जाने तथा प्रभारी एसएडीओ कृषि अरूण संगीतला को कारण बताओ नोटिस दिये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



# जिले के 457 शिक्षकों को मिला क्रमोन्नत वेतनमान का तोहफा

**क्रमोन्नत शिक्षकों ने डीईओ का माना आभार**

**शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष के प्रयास लाए रंग**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान का तोहफा दिया गया है। जिसको लेकर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि विभाग में कार्यरत ऐसे शिक्षक जिन्हें सेवा करते हुए 12 वर्ष, 24 वर्ष पूर्ण हो गए थे,नियमानुसार उन्हें क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया गया है। जिले में कुल 457 प्राथमिक शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही माध्यमिक शिक्षकों के प्रस्ताव बनाकर संयुक्त संचालक कार्यालय ग्वालियर की ओर भेजे जा रहे है। 30 वर्षीय क्रमोन्नति की सूची में 20 प्राथमिक शिक्षकों को लाभ मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया ने बताया कि यह शिक्षकों का अधिकार था, जिसे समय सीमा में हमने लाभ दिया है। शिक्षक मन लगाकर शालाओं में शिक्षण कार्य कराएं,उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए शिक्षा विभाग चिंता करेगा। इस आदेश से लाभान्वित शिक्षक सुनील शर्मा,देवेंद्र खजूरिया,कमल कुशवाह,प्रदीप शर्मा,वर्षा पंडाग्रे,अनीता राठौर, अंजू यादव आदि ने बताया कि हमको उम्मीद नहीं थी कि इतने जल्दी हमे क्रमोन्नति आदेश मिल जाएंगे लेकिन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा के अथक प्रयासों और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की सकारात्मक कार्यशैली से यह हो सका। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतीकात्मक रूप से कुछ लाभान्वित शिक्षकों को आदेश सौंपकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा,प्राचार्य बीके बमौरिया, स्थापना प्रभारी राजीव रघुवंशी, अजय रघुवंशी, वाहिद खान उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने लिया दशहरा मैदान की व्यवस्थाओं का जायजा

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में दशहरा मैदान की व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण किया। उन्होंने दशहरा मैदान की साफ-सफाई, बेरिकेटिंग एवं रावण दहन की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त लाइटिंग तथा आवागमन हेतु रास्तों का सुधार कार्य कराए जाने के भी निर्देश दिए।

# राम के राज्याभिषेक से दुखी हुई मंथरा ने कैकई के भरे कान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा सुभाष गंज स्थित रामलीला मंच पर संगीतमय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मंगलवार की रात कैकई दशरथ संवाद का शानदान मंचन थियेटर शैली पर किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।
लीला का प्रारंभ भगवान गणेश, रामायण जी, राम जी के साथ के किया गया। इसके बाद लीला के प्रथम दृश्य में दशरथ जी द्वारा अपने पुत्र राम को राज्याभिषेक करने का प्रस्ताव राज्यसभा में रखा गया, फिर राज्याभिषेक की तैयारी



का मंचन लीला में किया गया। इन तैयारी को देखकर मंथरा बहुत दुखी हुई और उसने जाकर के कैकई को दशरथ जी से अपने दो वरदान मांगने को कहा, जिसे सुनकर कैकई कोप भवन में चली गई। बताते दे कि कोप भवन का बहुत ही सुंदर दृश्य दिखाया गया जिसमें दशरथ और कैकई का बहुत ही शानदार थियेटर शैली में मंचन किया गया। इस दौरान दशरथ और कैकई के अभिनय को लोगों ने सराहा। वहीं कोप भवन में कैकई द्वारा दशरथ से अपने पुत्र भरत को राज्याभिषेक और राम को 14 वर्ष का वनवास जाने के बर मांगे गए जिसे सुन दशरथ बहुत दुखी हुए, इसके बाद श्रीराम ने आकर दशरथ जी को समझाया व वन जाने के लिए वे तैयार हो गए। बन जाने की बात सुनकर लक्ष्मण और सीता भी उनके साथ जाने के लिए तैयार हो गए और तीनों वन के लिए प्रस्थान किया।

**शिविर** — 74 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, 21 की हुई केवायसी

# बांकलपुर में दो दिवसीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**चंदेरी। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा विगत दिनों चंदेरी भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत बांकलपुर पहुंचे थे, जहां ग्रमीणों द्वारा उन्हें समस्याएं बताई गई ।**

जिसके चलते कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम बांकलपुर दो दिवसीय जन समस्या निवारण का आयोजन किया जा रहा है, जिसके पहले दिन अनुभाग की अनुविभागीय अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार दिलीप दरोगा, बीएमओ प्रशांत दुबे,पीएचई,




जनपद, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे एवं शिविर में प्रथम दिवस को प्राप्त आवेदनों का शिविर के द्वितीय दिन निराकरण कर सेवाएं दी गई एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में विभिन्न विभागों के आवेदन प्राप्त हुए जिनमें महिला बाल विकास के अंतर्गत मातृत्व वंदना योजना के 3 पंजीयन, राजस्व विभाग के 7 जन्म प्रमाण पत्र, बीपीएल के 25 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र के 17 आवेदन, नामांतरण के 2 आवेदन, कृषि विभाग के अंतर्गत समिति के सदस्य हेतु 19 आवेदन, सामाजिक न्याय के 7, प्रधानमंत्री आवास के 3, आहार अनुदान के 9, संबल के 1, राशन पर्ची/नवीन सदस्य को जोड़ना के 11, समग्र परिवार विभाजन एवं नए सदस्य जोड़ने हेतु 2 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 74 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं मौके पर ही आवश्यक दवाई वितरित की गई। इस दौरान आधार कार्ड का कैंप भी लगाया गया था, जिसमें 61 लोगों के द्वारा नये आधार कार्ड बनवाए गए एवं अपडेट करवाएं गए। जिसमे से आदिवासी समुदाय के 13 लोगो के नए आधार और 16 लोगो के आधार अपडेट किए गए। इसके अलावा आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी एवं जन्म प्रमाण पत्र के आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर 17 हितग्राहियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। साथ ही शिविर के दौरान 21 हितग्राहियों की समग्र ई केवाईसी की गई ।

### तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण दल रवाना

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार उद्यानिकी विभाग की राज्य पोषित योजनान्तर्गत राज्य के अंदर जिले के किसानों को फल, सब्जी, मसाला की उन्नत तकनीकी से खेती करने का प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण दल उज्जैन रतलाम एवं आगर मालवा के लिए रवाना हुआ। भ्रमण दल को अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति एवं जिला पंचायत सदस्य शीतल सत्येन्द्र कलावत द्वारा बुधवार को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान जिला अशोकनगर जी गिरवाल, भ्रमण दल प्रभारी बलवीर सिंह यादव प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विकासखण्ड मुंगावली एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।